विश्व समाचार / कूटनीति

सार समाचार

जापान में अमेरिकी नेवी स्टेशन को 'लॉकडाउन' किया

तोक्यो।एएफपी। दक्षिणी जापान में एक अमेरिकी सैन्य अड्डे में गोलियां चलने की रिपोर्टों के बाद वहां गुरुवार को कुछ समय के लिए लोगों का आनाजाना बंद कर (लॉकडाउन) दिया गया लेकिन गोलियां चलने का कोई सबूत नहीं मिलने के बाद 'सब साफ' घोषित कर दिया गया। कमांडर फ्लीट एक्टीविटीज सासेबो जापान ने फेसबुक पर एक पोस्ट में कहा, 'सुरक्षा को तीन नवंबर 2016 को सुबह नौ बजकर 33 मिनट (भारतीय समयानुसार सुबह छह बजकर तीन मिनट) पर इमारत 141 के भीतर गोलियां चलने की रिपोर्ट मिलीं। इमारत को खाली करा लिया गया।' पोस्ट में कहा गया, 'यह अभ्यास नहीं है।' उसने कुछ ही देर बाद कहा, 'सब साफ है, लॉकडाउन हटा लिया गया है। गोलियां चलने या किसी सक्रिय हमलावर का कोई सबूत नहीं मिला है।' उसने कहा कि किसी के आहत होने की कोई सूचना नहीं मिली है। नागासाकी प्रांत के सासेबो शहर स्थित कमांडर फ्लीट एक्टीविटीज सासेबो साजो सामान के लिए एक अमेरिकी नौसैन्य अड्डा है। सासेबो तोक्यो से दक्षिण पश्चिमि में करीब 950 किलोमीटर दूर स्थित है।

इजराइल ने फलस्तीनी नाबालिग को उम्रकैद दी

यरूशलम।एएफपी। इजराइल की एक सैन्य अदालत ने अपने यहां की एक महिला की हत्या के जुर्म में एक फलस्तीनी नाबालिग को उम्रकैद की सजा सुनाई है। सेना ने बुधवार को एक बयान में बताया कि सैन्य अदालत ने डाफना मीर नामक महिला के हत्यारे को उम्रकैद की सजा सुनाई और उस पर करीब 750,000 शेकल्ज (इजराइली मुद्रा) (करीब 196,000 डॉलर) का जुर्माना भी लगाया। डाफना की 17 जनवरी 2016 को चाकू मार कर हत्या कर दी गई थी।

इजराइल के कब्जे वाले पश्चियमी तट पर स्थित यहूदी बस्ती ओतनील में इजराइली महिला डाफना नर्स थी। उसकी 17 जनवरी 2016 को उसके ही घर में चाकू से गोदकर हत्या कर दी गई थी। बयान में नाबालिग होने के कारण हत्यारे का नाम नहीं बताया है। इसमें कहा गया है कि सेना 'आतंकी गतिविधियों के खिलाफ पूरी गंभीरता से न्याय करना जारी रखेगी।'

पाक ने गिनाए 8 भारतीय 'जासूस'

आठ कर्मचारियों के नाम सामने आए हैं जिन पर पाक विरोधी हरकतों को अंजाम देने का आरोप लगा है।

इस्लामाबाद ■ भाषा/डेस्क

पाकिस्तानी मीडिया में गुरुवार को यहां स्थित भारतीय उच्चायोग के कम से कम आठ कर्मचारियों के नाम सामने आए हैं जिन पर पाक विरोधी हरकतों को अंजाम देने का आरोप लगा है।

यह कार्रवाई भारत पाक रिश्तों में तनाव के बीच की गई है। इससे पहले बुधवार शाम को पाकिस्तान ने नई दिल्ली में अपने उच्चायोग के छह अधिकारियों को वापस बुला लिया था। इसके बाद विदेश मंत्रालय के सूत्रों ने बताया कि भारत अपने आठ राजनयिकों को वापस बुलाने पर विचार कर रहा है क्योंकि उनकी सुरक्षा पूरी तरह हटा दी गई है।

बहरहाल, पाकिस्तानी मीडिया ने गुरुवार को कम से कम आठ भारतीय कर्मचारियों की पहचान कर उन पर पाकिस्तान विरोधी हरकतों को अंजाम देने का आरोप लगाया है। भारत और पाकिस्तान की ओर से एक दूसरे के उच्चायोग कर्मचारियों को बुलाने की यह कार्रवाई तनावों के साए में हो रही है। मामला तब से तल्ख है जब जम्मू कश्मीर के उरी में सैन्य मुख्यालय में आतंकी हमला हुआ। इसके जवाब में नियंत्रण रेखा के दूसरी ओर भारत की ओर से जवाबी सर्जिकल हमले किए जाने के बाद दोनों देशों के बीच तनातनी और बढ़ गई है। इससे दोपक्षीय रिश्ते बेहद निचले स्तर पर पहुंच गए हैं। बुधवार दोपहर तक पहले दो अधिकारियों के नाम लिए गए थे लेकिन देर रात तक कुल संख्या बढ़ कर आठ हो गई। डॉन की खबर के मुताबिक, मीडिया को लीक होने के कारण जिन कथित भारतीय खुफिया अधिकारियों के नाम सामने आए हैं उनमें वाणिज्यिक काउंसेलर राजेश कुमार अग्निहोत्री, प्रेस और संस्कृति के प्रथम सचिव बलबीर सिंह, प्रथम वाणिज्य सचिव अनुराग सिंह, वीजा अताशे अमरदीप सिंह भट्टी, वीजा सहायक धर्मेंद्र, विजय कुमार वर्मा और माधवन नंद कुमार और निजी कल्याण कार्यालय में सचिव जयबालन सेंथिल शामिल हैं।

मीडिया में लीक खबर में कहा गया है कि अधिकारी या तो रॉ के लिए या फिर भारतीय खुफिया ब्यूरो के लिए काम कर रहे थे। बहरहाल, विदेश कार्यालय ने नामों की आधिकारिक पुष्टि नहीं की है। मीडिया में लीक खबर में कहा गया है कि भारतीय 'एजेंट' 'विध्वंसक गतिविधियों' में लिप्त पाए गए हैं जिनमें चीन पाकिस्तान आर्थिक गलियारा (सीपीईसी) में व्यवधान पहुंचाने की कोशिश और देश में अराजकता और भय फैलाने के प्रयास शामिल हैं।

भारतीय कर्मियों पर पाकिस्तान में मुखबिरों का नेटवर्क तैयार करने और देश की छवि खराब करने के लिए सबूत 'गढ़ने' का आरोप भी लगाया गया है। डॉन की खबर में कहा गया है कि आने वाले दिनों में पाकिस्तानी प्रशासन इन भारतीय अधिकारियों को 'अवांछित व्यक्ति' घोषित कर सकता है या भारत उन्हें वापस बुला सकता है। इस बीच, वापस बुलाए गए पाकिस्तानी अधिकारी और कर्मचारी बुधवार को लाहौर पहुंच गए।

पाकिस्तान में बड़ा ट्रेन हादसा, 20 की मौत

कराची।भाषा। गुरुवार सुबह पाकिस्तान के कराची में एक पैसेंजर ट्रेन के एक खड़ी हुई ट्रेन से टकरा जाने पर कम से कम 20 लोगों की मौत हो गई और 50 अन्य घायल हो गए।

लांढी क्षेत्र के गद्दाफी शहर में गुरुवार सुबह सात बजकर 18 मिनट पर हुई इस दुर्घटना में जकारिया एक्सप्रेस जुमा गोठ ट्रेन स्टेशन पर खड़ी फरीद एक्सप्रेस से टकरा गई। इस टक्कर के कारण फरीद एक्सप्रेस की दो और जकारिया एक्सप्रेस की एक बोगी पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई। टीवी फुटेज में डिब्बे आपस में भिड़े हुए और पलटे हुए दिखाई दे रहे हैं और स्थानीय मीडिया की खबर के मुताबिक, बचावकर्मी मलबे में फंसे लोगों को निकालने के लिए काम कर रहे हैं।

फरीद एक्सप्रेस लाहौर से कराची आ रही थी जबकि जकारिया एक्सप्रेस मुल्तान से चली थी। जियो न्यूज के मुताबिक, शुरुआती जांच में पता चला है कि जकारिया एक्सप्रेस के चालक ने सिगनल को नजरअंदाज कर दिया था। जिन्ना अस्पताल में आपातकालीन विभाग की प्रमुख डॉ सीमी जमाली ने कहा कि 17 शव और 50 घायलों को जिन्ना अस्पताल में लाया गया है।

हिलेरी ने ट्रंप पर फिर बढ़त बनाई

ओरलैंडो (फिलाडेल्मिया/लासबेगार्स)। रायटर। अमेरिका के राष्ट्रपति के चुनाव के लिए अब मात्र छह दिन बच गए हैं। इस बीच रायटर/इप्सास के ताजा सर्वेक्षण में डेमोक्रेटिक पार्टी उम्मीदवार हिलेरी क्लिंटन ने रिपब्लिकन प्रत्याशी डोनाल्ड ट्रंप पर फिर बढ़त बना ली है। क्लिंटन और ट्रंप के बीच एक दूसरे पर उंगली उठाने का सिलसिला जारी रहने के बीच रायटर/इप्सास के ताजा सर्वेक्षण से पता चलता है कि हिलेरी ने एक बार फिर बढ़त ले ली है और वह पिछले हफ्ते के अंकों पर पहुंच रही हैं।

कई राष्ट्रीय सर्वेक्षणों में कहा गया था कि पिछले सप्ताह निजी ई मेल का विवाद आने के बाद शुक्रवार से दोनों प्रत्याशियों के बीच बढ़त का अंतर कम हो रहा था। ट्रंप आगे निकल रहे थे लेकिन अब फिर से पासा पलट गया है। क्लिंटन छह अंकों से आगे निकल गई हैं और वह बढ़त के अपने पिछले हफ्ते के स्तर पर पहुंच गई हैं। दोनों प्रत्याशियों के बीच कड़ा मुकाबला है और इसे लेकर वित्तीय बाजार में उथल पुथल की हालत है पर निवेशकों को अब भी भरोसा है।

कुत्ते को मौत की सजा, बाद में बरी

न्यूयॉर्क ■ वार्ता/डेस्क

आपने मौत की सजा पाए किसी शख्स के बरी होने की खबर तो सुनी होगी पर किसी कुत्ते की नहीं। यहां एक अजीबोगरीब मामले में अमेरिका के मिशिगन प्रांत की एक अदालत ने एक कुत्ते को दूसरे कुत्ते की हत्या के लिए मौत की सजा सुनाई है। पर बाद में मारे गए कुत्ते से उसका डीएनए टेस्ट का मिलान न होने पर उसे बरी कर दिया।

यह मामला मिशिगन प्रांत का है जहां 'जेब' नाम के कुत्ते पर पड़ोस के घर में रहने वाले 'व्लाड' नाम के कुत्ते की हत्या का आरोप लगा लेकिन कई सप्ताह तक मौत की सजा पर रहने के बाद वह बरी होकर अपने मालिक के पास वापस लौट आया। बेल्जियाई मालिनोइस नस्ल के अपने कुत्ते को वापस पाकर कीनिथ जॉब काफी भावुक हो गए और उसे देखकर उन्होंने कहा कि जेब की त्वचा काफी भद्दी दिख रही है लेकिन वह जिंदा है। जॉब ने 'टाइम्स हेराल्ड' से कहा, मुझे बोलने के लिए मत कहो क्योंकि मैं रोने लगूंगा। मिशिगन के डेटरोइट शहर से 50 मील दूर उत्तर पूर्व में सेंट क्लेयर टाउनशिप में व्लाड का शव मिला।

इजराइली राष्ट्रपति 15 को आएंगे भारत

यरूशलम ■ भाषा/डेस्क

इजराइल के राष्ट्रपति रियूवेन रिवलीन एक उच्च स्तरीय प्रतिनिधिमंडल के साथ इस महीने के बीच में छह दिन की यात्रा पर भारत आएंगे। 15 नवंबर से शुरू हो रही उनकी इस यात्रा का मकसद सुरक्षा, शिक्षा, साइबर, उर्जा, जल और कृषि क्षेत्र में सहयोग को बढ़ावा देना है। यहां अंदरूनी सूत्रों ने कहा कि रिवलीन अपनी भारत यात्रा के दौरान राष्ट्रपति प्रणब मुखर्जी, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और लोकसभा अध्यक्ष सुमित्रा महाजन समेत कई अन्य लोगों से मुलाकात करेंगे। रिवलीन भारत और इजराइल के बीच साल 1992 में कूटनीतिक रिश्ते बनने के बाद से अब तक भारत आने वाले दूसरे इजराइली राष्ट्रपति होंगे। उनकी इस यात्रा से 20 साल पहले इजराइल के पूर्व राष्ट्रपति एजर वीजमान 1996-97 में भारत आए थे।

रिवलीन 15 नवंबर से 20 नवंबर तक चलने वाली अपनी छह दिन की भारत यात्रा के दौरान कारोबारी नेताओं और शिक्षाविदों के एक उच्च स्तरीय प्रतिनिधिमंडल की अगुआई करेंगे। आला नेताओं के साथ उनकी वार्ताएं 15 नवंबर को होनी हैं। पिछले साल राष्ट्रपति मुखर्जी की ऐतिहासिक इजराइल यात्रा के बाद भारत जाने में दिलचस्पी जाहिर करते हुए रिवलीन ने पहले कहा था, 'दोनों देशों के बीच का सहयोग सबको पता है।' इजराइल के 77 साल के राष्ट्रपति ने कहा, 'यह सहयोग सिर्फ नवोन्मेष में नहीं है लेकिन आप अच्छी तरह जानते हैं कि हम कृषि, जल, उर्जा, साइबर की समस्याओं से निपटने और सुरक्षा से जुड़ी हर जरूरत को पूरा करने के लिए अपनी ओर से पूरी कोशिश कर रहे हैं ताकि दोनों देशों की जनता पर सुरक्षा का जो बोझ पड़ रहा है, उसके लिए तैयार हुआ जा सके।' उन्होंने कहा, 'मैं आपके प्रधानमंत्री को यहां देखना चाहूंगा।' ऐसे कयास लगाए जा रहे हैं कि इस्राइली राष्ट्रपति की यात्रा मोदी की यरूशलम यात्रा का रास्ता साफ करेगी। यदि ऐसा होता है तो यह किसी भारतीय प्रधानमंत्री की ओर से की जाने वाली पहली इजराइल यात्रा होगी। यह यात्रा अगले साल होनी संभावित है। अगले साल दोनों देश कूटनीतिक रिश्तों की स्थापना की रजत जयंती मनाने वाले हैं। इजराइल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने रविवार को मंत्रिमंडल की एक बैठक में रिवलिन की आगामी भारत यात्रा का जिक्र किया। बेंजामिन खुद भी अगले साल भारत आ सकते हैं। इजराइल दोनों देशों के शैक्षणिक संस्थानों के बीच रिश्तों को मजबूत करने के लिए तैयार है।

बगदादी का दावा, मोसुल में जीतेगा आईएस

बगदाद ■ रायटर/डेस्क

खूंखार आतंकवादी संगठन इस्लामिक स्टेट (आईएस) के सरगना अबू बकर अल बगदादी ने कहा है कि मोसुल शहर में जारी लड़ाई में आईएस को जरूर जीत मिलेगी और उसने लोगों से इस शहर की रक्षा करने का आह्वान किया।

बग़दादी का एक ऑडियो संदेश जारी किया गया है जिसमें उसने लोगों से मोसुल शहर की रक्षा करने की अपील की है। इस संदेश में कहा गया है कि कोई पीछे नहीं हटेगा और वह जीत को लेकर आश्वस्त है। बगदादी की ऑडियो रिकॉर्डिंग को समर्थकों की ओर से ऑनलाइन जारी किया गया जिसमें कहा गया इस्लामिक स्टेट यहां सिर्फ संपूर्ण युद्ध लड़ रहा है। मेरा विश्वास है कि इसमें जीत मिलेगी। आईएस सरगना ने मोसुल के निनवेह प्रांत के लोगों से अल्लाह के दुश्मनों के खिलाफ लड़ाई का आह्वान किया है।

यह लगभग पिछले एक साल में बगदादी की ओर से आया पहला संदेश है। इराक के उत्तर में स्थित मोसुल में इराक़ी सेना और आईएस के आतंकवादियों के बीच जबरदस्त लड़ाई चल रही है। आईएस ने 2014 में मोसुल पर कब्ज़ा किया था।

हिलेरी ने देश की सेवा में लगाया जीवन:ओबामा

ओरलैंडो।भाषा। अमेरिका के निवर्तमान राष्ट्रपति बराक ओबामा ने कहा है कि डेमोक्रेटिक उम्मीदवार हिलेरी क्लिंटन अमेरिका के राष्ट्रपति पद की चुनावी दौड़ में एकमात्र ऐसी उम्मीदवार हैं जिन्होंने अपना पूरा जीवन देश के लोगों के लिए समर्पित किया है। 55 साल के ओबामा ने उत्तर कैरोलीना के रॉली में एक चुनावी रैली में कहा, 'इस मुकाबले में एक ही ऐसा उम्मीदवार है जिसने अपना पूरा जीवन अमेरिका को और बेहतर बनाने के लिए समर्पित किया है और वह उम्मीदवार हिलेरी क्लिंटन हैं। वह सही उम्मीदवार हैं। वह सही समय पर सही उम्मीदवार हैं।'

दो अमेरिकी सैनिक मारे गये

काबुल,रायटर। अफगानिस्तान के उत्तरी शहर कुंदूज के निकट अफगानिस्तानी सैनिकों की लड़ाई में सहायता करते समय अमेरिका के दो सैनिकों की गोली लगने से मौत हो गयी। यह जानकारी काबुल में अमेरिकी सेना के वक्तव्य में दी गयी।

परदेस : विश्व राजनीति

हिलेरी पर चलेगा आपराधिक मुकदमा:ट्रंप

ओरलैंडो ■ भाषा/डेस्क

राष्ट्रपति पद के लिए रिपब्लिकन पार्टी के उम्मीदवार डोनाल्ड ट्रंप ने दावा किया है कि डेमोक्रेटिक पार्टी की उनकी विरोधी हिलेरी क्लिंटन के कथित इमेल प्रकरण की एफबीआई की ओर से दोबारा की जा रही जांच में सालों का वक्त लेगा और इसकी समाप्ति उनपर आपराधिक मुकदमे से होगी।

ट्रंप ने कहा कि एफबीआई को उस लैपटॉप में पाए गए 650,000 इमेल में से 'कुछ' मिल सकता है जो लैपटॉप हिलेरी की एक करीबी सलाहकार और उनके पति ने साझा किए हैं। चुनाव से छह दिन पहले जीत को भांपते हुए ट्रंप ने अपने समर्थकों से आग्रह किया है कि वह बातों को बढ़ा चढ़ा कर कहने के बजाय बाहर का आकर मतदान करें। हिलेरी के खिलाफ कथित ईमेल घोटाले की एफबीआई की ओर से दोबारा जांच करने से ट्रंप के चुनाव अभियान को नई गति मिली है।

ट्रंप (70) ने ओरलैंडो में बुधवार को एक चुनावी रैली में कहा, 'उन्हें (एफबीआई को) उनमें कुछ मिलेगा जिसके बारे में मैं कल्पना कर सकता है कि वह अविश्वासनीय होगा। हिलेरी के खिलाफ सालों जांच चलेगी। संभवतः तहकीकात आपराधिक मुकदमे के साथ खत्म हो।' राष्ट्रपति पद के रिपब्लिकन उम्मीदवार अपनी रैली में ज्यादातर समय इस कथित प्रकरण के बारे में ही बोलते रहे। उन्होंने आरोप लगाया, 'एफबीआई ने धूर्त हिलेरी क्लिंटन के खिलाफ अपनी जांच दोबारा से शुरू की है। हिलेरी कानूनी मामलों के लिए हर किसी पर दोष मढ़ना चाहती हैं। मुझे नहीं मालूम कि आपने पिछले कुछ दिनों के उनके भाषण देखे हैं या नहीं। वह मानसिक तौर पर पूरी तरह से दिवालिया और अविश्व सनीय हो गई हैं। ट्रंप ने कहा कि जो वह कह रही हैं और जो वह कर रही है वह दरअसल अविश्वहसनीय है। उनके पास अपने सिवाय दोष मढ़ने के लिए कोई और नहीं है। ट्रंप ने कहा कि अमेरिका अपने राष्ट्रपति के लिए हिलेरी का निर्वाचन कर अगले चार साल के लिए ओबामा प्रशासन को फिर से बर्दाशत नहीं सकता है। उन्होंने कहा कि देश को नए नेतृत्व की जरूरत है। उन्होंने कहा कि हिलेरी और हमारे विफल वाशिंगटन प्रशासन ने पश्चि म एशिया में जंग पर छह ट्रिलियन डॉलर खर्च किए हैं, वह युद्ध.. जिसे हम कभी नहीं जीत पाए और यह कभी खत्म नहीं होगा और यह अब पहले से भी बुरी स्थिति में है।

ट्रंप ने आरोप लगाया कि अमेरिकी राष्ट्रपति बराक ओबामा और उनकी पूर्व विदेश मंत्री हिलेरी देश को विदेशी युद्धों में ले गईं जिसने अमेरिका की सुरक्षा को कमजोर किया। रिपब्लिकन उम्मीदवार ने कहा कि उन्होंने (ओबामा और हिलेरी ने) देश की हमारी सीमाओं को नजरअंदाज किया है। उन्होंने हमारी नौकरियों और दौलत को अन्य देशों में भेज दिया है।

ELDECO

ELDECO HOUSING AND INDUSTRIES LIMITED
Regd. Office: Shop No 16, Second Floor, Eldeco Station 1, Site No 1, Sector 12, Faridabad, Haryana – 121 007, E-mail id: Eldeco@eldecohousing.co.in
Website: www.eldecogroup.com, Ph. No.: 0522-4039999
CIN: L45202HR1985PLC044265

NOTICE

NOTICE is hereby given, pursuant to Regulation 29 and Regulation 47 of Securities and Exchange Board of India (Listing Obligations and Disclosure Requirements) Regulations, 2015, that the meeting of the Board of Directors of the Company is scheduled to be held on Wednesday, the 9th day of November, 2016, at the Corporate office of the Company at IInd Floor, Eldeco Corporate Chamber-1, Vibhuti Khand, Gomti Nagar, Lucknow-226010, to consider and approve inter alia the Unaudited Financial Results for the Quarter/Half year ended on 30th September, 2016.

By Order of the Board of Directors
Sd/-
(Naina Tandon)
Company Secretary

Place: Lucknow
Dated: 03.11.2016

सूर्या इंडिया लिमिटेड
सीआईएन - एल74899डीएल1985पीएलसी019991
पंजी. कार्या. : बी–1/एच–3, मोहन को–आपरेटिव इंडस्ट्रियल एस्टेट, मथुरा रोड, नई दिल्ली–44
फोन:+91-11-45204115, फैक्स: +91-11-28898016
ई–मेल : cs@haldiram.com
वेबसाइट : www.suryaindianltd.com

सूचना

एतदद्वारा सूचना दी जाती है कि सेबी (सूचीयन अनिवार्यताएं एवं प्रकटीकरण अपेक्षाएं) विनियमावली, 2015 के विनियम 29 के साथ पठित विनियम 47 के अनुसरण में कम्पनी के निदेशक मंडल की एक बैठक शनिवार, 12 नवम्बर, 2016 को अप. 04.30 बजे कम्पनी के पंजीकृत कार्यालय में आयोजित की जाएगी, जिसमें 30 सितंबर, 2016 को समाप्त तिमाही एंव अर्द्ध वर्ष हेतु कम्पनी के अलेखापरीक्षित वित्तीय परिणाम विचारित, अनुमोदित एवं अभिलेखबद्ध किए जाएंगे।

उपरिवर्णित प्रयोजन हेतु, सेबी (अंतरंगी व्यापार का निषेध) विनियम, 2015 के अनुसरण में, कम्पनी की प्रतिभूतियों में संव्यहार हेतु व्यापार खिड़की दिनांक 4 नवम्बर, 2016 से 14 नवम्बर, 2016 के कार्य समाप्ति तक बंद रहेगी।

यह सूचना बीएसई लिमिटेड की वेबसाइट (www.bseindia.com) पर भी उपलब्ध है जहां कम्पनी के शेयर सूचीबद्ध हैं और कम्पनी की वेबसाइट (www.suryaindialtd.com) पर भी उपलब्ध है।

वास्ते सूर्या इंडिया लिमिटेड
हस्ता./–
(जितेश ग्रोवर)
कम्पनी सचिव
एम. सं. एफ–7542

तिथि : 03.11.2016
स्थान : नई दिल्ली

PEARL GLOBAL INDUSTRIES LIMITED
Regd.Off: A-3,Community Centre, Naraina Industrial Area, Phase-II, New Delhi-110028 (CIN: L74899DL1989PLC036849)
Corp. Off: Plot No.51, Sector-32, Gurgaon-122001
Tel: 0124-4651000

NOTICE OF LOSS OF SHARE CERTIFICATE

NOTICE, is hereby given that the share certificate no.2181 vide distinctive number 20254122-20254187 for 66 shares in the name of Narender Aggarwal have been reported lost by the shareholder and he has applied for issue of duplicate share certificate.
Any person who has a claim in respect of the aforesaid certificate should lodge the claim with the undersigned so as to reach our New Delhi office within 15 days from the date hereof. The Company will proceed to issue duplicate share certificate after the expiry of the said period of 15 days and shall not entertain claims received subsequently.

By order of the Board
Sd/-
Company Secretary

Place : New Delhi
Date : November 03, 2016

NAM SECURITIES LIMITED
Regd. Office: LGF,410,Sector31, Gurgaon-122001
CIN: L74899HR1994PLC053200
Tel No. 0124-2383996, www.namsecurities.in

NOTICE

Notice is hereby given that meeting of the Board Of Directors of the Company is scheduled to be held on Monday, 14th November, 2016 to consider and approve the Unaudited Financial Results of the Company for the Quarter & half year ended 30th September, 2016. Further Trading window of the company shall remain closed from 5th November, 2016 to 16th September, 2016(both days inclusive).

For Nam Securities Ltd.
Sd/-
Kiran Goyal
(Managing Director)

Place: Gurgaon
Date: 3.11.2016

TIGER LOGISTICS (INDIA) LIMITED
CIN- L74899DL2000PLC105817
Regd. & Corporate Office: 804A-807, 60 Skylark Building, Nehru Place, New Delhi-110019
Tel.: 011-47351111 Fax.: 011-2622 9671
Website: www.tigerlogistics.in, Email.: tlogs@tigerlogistics.in

NOTICE OF THE BOARD MEETING

In accordance with SEBI (Listing Obligations and Disclosure Requirements) Regulations 2015 notice is hereby given that a meeting of the board of directors of the company is scheduled on Monday, 14 November, 2016 to inter alia, consider, approve and take on record the financial statements for the quarter and half year ended September 30th, 2016.
In compliance with the SEBI (Prohibition of Insider Trading) Regulations 2015 and in accordance with the code of internal procedures and conduct for regulating, monitoring and reporting of trading by insiders of the Company, trading window for directors and specified employees would be closed from November 4th, 2016 to November 16th, 2016 (both days inclusive).
This notice is being given in the compliance with the SEBI (Listing Obligations and Disclosure Requirements) Regulations 2015.

For Tiger Logistics (India) Limited
Sd/-
Vishal Saurav Gupta
Company Secretary & Compliance Officer

Place: New Delhi
Date: 31.10.2016

SONAL MERCANTILE LIMITED
Regd. Office: 105/33, Vardhman Golden Plaza, Road No. 44, Pitampura, Delhi - 110034
Email: sonalmercantile@yahoo.in
Website: www.sonalmercantile.com
Ph. No.: +91-11-65656577
CIN: L51221DL1985PLC022433

NOTICE

Pursuant to Regulation 47 read with Regulation 33 of the SEBI (Listing Obligations and Disclosure Requirements) Regulations 2015, NOTICE is hereby given that a Meeting of the Board of Directors of the Company is scheduled to be held on Friday, 11th November, 2016 at 02:00 p.m. at the registered office of the Company at the registered office of the Company at 105/33, Vardhman Golden Plaza, Road No. 44, Pitampura, Delhi - 110034, inter alia, to consider, approve and take on record the Unaudited Financial Results of the Company for the quarter and half year ended 30th September 2016.
Further, details are also available on Company's website i.e. www.sonalmercantile.com as well as Stock Exchange's website i.e. www.bseindia.com.

By Order of the Board
For Sonal Mercantile Ltd.
Sd/-
Deepika Rathore
Company Secretary & Compliance Officer
M.No. A34331

Place: New Delhi
Dated: 03.11.2016

NIDHI SERVICES LIMITED
Registered Office: 5/19-B, Roop Nagar, Delhi- 110007
CIN : L65999DL1984PLC018077
Tel No : 011-23840606, Fax. : 011-23840060
E-mail Id : nidhiservicesltd@gmail.com

NOTICE

Pursuant to Regulation 47 read with Regulation 33 of the SEBI (Listing Obligations and Disclosure Requirements) Regulations 2015, NOTICE is hereby given that a Meeting of the Board of Directors of the Company is scheduled to be held on 11th November, 2016, at 3.00 P.M at 5/19-B, Roop Nagar, Delhi – 110007 inter alia, to consider, approve and take on record the Un-audited Financial Results of the Company for the quarter and half year ended 30th September 2016.
Further, details are also available on Company's website i.e www.nidhiservicesltd.com as well as website of the Calcutta Stock Exchange i.e. www.cse-india.com.

For Nidhi Services Limited
Sd/-
Udit Agarwal
Whole Time Director
DIN No.: 00239114

Place : Delhi
Date : 03.11.2016

AAYUSH FOOD AND HERBS LIMITED
CIN: L01122DL1984PLC018307
Regd. Office: G-321, Chirag Delhi, New Delhi- 110017
E-mail: aayushfoodherbs@gmail.com; W: www.aayushfoods.com

NOTICE

Notice is hereby given pursuant to Regulation 29(1)(a) and Regulation 47(1)(a) of the SEBI (Listing Obligations and Disclosure Requirements) Regulations, 2015, that a meeting of the Board of Directors of the Company is scheduled to be held on Saturday, the 12th day of November, 2016 at the Registered Office of the Company at G-321, Chirag Delhi, New Delhi-110017 to consider and approve, interalia, the Unaudited Financial Results of the Company for the quarter ended 30th September, 2016.
This intimation is also available on the website of BSE Limited (www.bseindia.com) and Metropolitan Stock Exchange of India Limited (www.msei.in) where the company's shares are listed and shall also be available on the website of the Company (www.aayushfoods.com).

For Aayush Food and Herbs Limited
Sd/-
Khushbu Mittal
Company Secretary

Place: New Delhi
Date : 03.11.2016

MODIPON LIMITED
Registered Office : MODINAGAR (U. P.)
CIN : L65993UP1965PLC003082

Extract of Standalone Unaudited Financial Results for the Quarter ended Sept. 30, 2016

(In ₹ Lakhs)

Sl. No.	Particulars	Quarter ended 30.09.2016 (Unaudited)	Quarter ended 30.06.2016 (Unaudited)	Quarter ended 30.09.2015 (Unaudited)	Half Year ended 30.09.2016 (Unaudited)	Half Year ended 30.09.2015 (Unaudited)	For the year ended as on 31.03.2016 (Audited)
1	Total income from operations (net)	-	-	-	-	-	-
2	Net Profit / (Loss) from ordinary activities after tax	30.47	104.01	(42.53)	99.12	(142.50)	637.06
3	Net Profit / (Loss) for the period after tax (after Extraordinary items)	30.47	104.01	(42.53)	99.12	(142.50)	637.06
4	Paid up Equity Share Capital (Face value of ₹ 10/- each)	783.81	783.81	783.81	783.81	-	783.81
5	Reserves (excluding Revaluation Reserve as shown in the Balance Sheet of previous year)	-	-	-	-	-	-
6	Earnings Per Share (before extraordinary items) of ₹ 10/- each						
	Basic (₹):	0.39	1.33	(0.54)	1.26	(1.82)	8.13
	Diluted (₹):	0.39	1.33	(0.54)	1.26	(1.82)	8.13
7	Earnings Per Share (after extraordinary items) of ₹ 10/- each						
	Basic (₹):	0.39	1.33	(0.54)	1.26	(1.82)	8.13
	Diluted (₹):	0.39	1.33	(0.54)	1.26	(1.82)	8.13

Note : The above is an extract of the detailed format of Quarterly / Yearly Financial Results filed with the Stock Exchanges under Regulation 33 of the SEBI (Listing Obligations and Disclosure Requirements) Regulations, 2015. The full format of the Quarterly / Yearly Financial Results are available on the Company's Website at www.modipon.net and also be accessed on the website of Stock Exchange at www.bseindia.com and www.nseindia.com.

By order of the Board
FOR Modipon Limited
Sd/-
(M.K. Modi) Chairman
(Aditee Modi) Director

Place : New Delhi
Date: Nov. 3, 2016